# आसिम मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रपति बनेंगे या नहीं? आर्मी ने दिया फाइनल जवाब!

(जीएनएस)।

कई दिनों से अटकलें चल रहीं थी कि पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर पाकिस्तान के अगले राष्ट्रपति बन सकते हैं। अब इसे लेकर पाकिस्तान की सेना ने उन अफवाहों को "आधारहीन" बताया है, जिनमें कहा जा रहा था कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर अगले राष्ट्रपति बनने की योजना बना रहे हैं। ये अफवाहें पिछले कुछ हफ्तों से सोशल मीडिया पर फैल रही थीं, जिनमें दावा किया जा रहा था कि मुनीर राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की जगह लेंगे।

क्या सफाई दी?

सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने 'द इकोनॉमिस्ट' को दिए एक इंटरव्यू में स्पष्ट किया कि सेना प्रमुख की राष्ट्रपति पद में कोई रुचि नहीं है और ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। वहीं पाकिस्तान के मीडिया फर्म पीटीवी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। चौधरी ने कहा, "फील्ड मार्शल असीम मुनीर के पाकिस्तान के राष्ट्रपति बनने की बातें पूरी तरह से आधारहीन हैं।"




इससे पहले, 10 जुलाई को आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने भी राष्ट्रपति जरदारी को पद से हटाने की संभावित अफवाहों को खारिज किया था। उन्होंने इसे "दुर्भावनापूर्ण अभियान" करार दिया था। नकवी ने जोर देकर कहा था कि राष्ट्रपति जरदारी का सशस्त्र बलों के नेतृत्व के साथ "मजबूत और सम्मानजनक संबंध" है।

पाकिस्तान की ताकत पर ध्यान

नकवी ने यह भी बताया कि जनरल मुनीर का "एकमात्र ध्यान" पाकिस्तान की ताकत और स्थिरता पर है, "और किसी चीज पर नहीं।" ये बयान ऐसे समय में आए हैं जब पाकिस्तान के राजनीतिक गलियारों में सेना की भूमिका को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, खासकर राष्ट्रपति पद से संबंधित इन अफवाहों के बाद।

# बिहार में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को मिला नया बूस्ट, सरकार ने जारी की 300 करोड़ की तीसरी किस्त

(जीएनएस)।

बिहार के लाखों युवाओं के लिए एक राहत भरी खबर आई है। राज्य सरकार ने शिक्षा ऋण योजना को और सशक्त बनाने के लिए बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 300 करोड़ रुपये की तीसरी किस्त की स्वीकृति दे दी है। यह राशि बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम लिमिटेड, पटना को दी गई है ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए ऋण की सुविधा समय पर और सुगमता से मिल सके।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब तक इस योजना के तहत कुल 900 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि यह राशि निगम को शिक्षा ऋण के साथ-साथ जरूरी प्रारंभिक खर्चों को पूरा करने के उद्देश्य से दी गई है।

क्या है इस योजना की खासियत?



छात्रों को अधिकतम 4 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण मिलेगा।

सामान्य छात्रों के लिए ब्याज दर केवल 4% तय की गई है।

महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर छात्रों के लिए ब्याज दर 1% ही है।

ऋण वापसी की प्रक्रिया कोर्स खत्म होने के एक वर्ष बाद या नौकरी मिलने के छह माह बाद से शुरू होती है।

2 लाख रुपये तक का ऋण 60 किस्तों में और 2 लाख से ऊपर का ऋण 84 किस्तों में चुकाया जा सकता है।

समय से पहले भुगतान करने पर 0.25% अतिरिक्त छूट भी दी जाएगी।

सरकार का दावाः रोजगार और शिक्षा दोनों पर फोकस

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार लगातार युवाओं को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 39 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना राज्य के युवाओं के लिए एक बड़ा सहारा बन रही है। सरकार द्वारा इस योजना में वित्तीय मजबूती लाना इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में और अधिक छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता मिल सकेगी।

# बिजनौर में संदिग्ध हालात में युवक की मौत, चोरों पर लगा हत्या का आरोप

(जीएनएस)।

बिजनौर। हल्दौर थाना क्षेत्र के कुम्हार पूरा गांव में एक 19 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान प्रियांशु पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो बुधवार देर रात अपने कमरे में सोने गया था। गुरुवार सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला, तो प्रियांशु का शव कुंडे से लटकता मिला।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, युवक की मौत की खबर से गांव में सनसनी फैल गई और परिवार में कोहराम मच गया।



प्रियांशु के पिता अनिल कुमार ने घटना को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए इसे हत्या करार दिया है। उनका आरोप है कि हाल के दिनों में गांव में चोरों का आतंक बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि चोरों ने उनके घर में घुसकर उनके बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को कुंडे से लटका दिया गया।

परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर घटना का शीघ्र खुलासा करने और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक नगर संजीव वाजपेई ने बताया कि मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं और परिजनों की तहरीर के आधार पर पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। रिपोर्ट के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मृतक प्रियांशु इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी कर चुका था और ग्रेजुएशन कर रहा था। उसकी अचानक हुई मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। पुलिस हर पहलु से मामले की जांच कर रही है।

# 50 की महुआ 65 के पिनाकी के 67 विवाहित दिनः रिसेप्शन में जुटा इण्डिया ब्लॉक! अखिलेश से सोनिया तक, कौन-कौन पहुंचा?

(जीएनएस)।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा और बीजू जनता दल (बीजेडी) के पूर्व सांसद पिनाकी मिश्रा ने 30 मई 2025 को जर्मनी के बर्लिन में गुपचुप शादी रचाई थी। 67 दिन बाद, 5 अगस्त 2025 को दिल्ली के होटल ललित में इस जोड़े ने एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया, जिसमें सियासत के दिग्गजों का जमावड़ा देखने को मिला।

लाल साड़ी में महुआ की चमक और पिनाकी की सादगी ने इस समारोह को सियासी गलियारों की चर्चा का केंद्र बना दिया। आइए जानते हैं, इस रिसेप्शन में कौन-कौन शामिल हुआ और क्या रहा खास?

जर्मनी की शादी, दिल्ली में जश्न

महुआ मोइत्रा (50) और पिनाकी मिश्रा (65) ने 30 मई को बर्लिन के एक ऐतिहासिक महल में बेहद निजी समारोह में शादी की थी। इस समारोह को गुप्त रखा गया, लेकिन बाद में सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियो ने इसे सुर्खियों में ला दिया।





दिल्ली के रिसेप्शन में दोनों ने सियासी और निजी रिश्तों को सेलिब्रेट किया। महुआ सुनहरी कढ़ाई वाली लाल साड़ी और पारंपरिक सोने के गहनों में नजर आईं, जबकि पिनाकी ने लाल बॉर्डर वाली सफेद पारंपरिक पोशाक में शालीनता बिखेरी।

होटल ललित में आयोजित इस रिसेप्शन में सियासत की अलग-अलग धारा के नेताओं का संगम देखने को मिला। कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के साथ डिनर टेबल पर नजर आईं। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, और पंजाब के उट भगवंत मान की मौजूदगी ने इस आयोजन को सियासी रंग दिया।

कुंवर दानिश अली (पूर्व कांग्रेस सांसद) ने एक्स पर लिखा, '17वीं लोकसभा के सहयोगियों के साथ फिर से जुड़कर एक शानदार शाम बिताई। बातचीत, सौहार्द, और जश्न का माहौल था।'

सागरिका घोष (TMC सांसद, राज्यसभा उपनेता) ने कहा, 'खूबसूरत दुल्हन महुआ और पिनाकी को इस शानदार रिसेप्शन पर ढेर सारी खुशियां। बधाई! सुप्रिया सुले ने लिखा, 'महुआ और पिनाकी को बधाई! आपके लिए खुशी और आनंद से भरी यात्रा की कामना।'

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेरठ जिले के अमेहरा आदिपुर ग्राम पंचायत में वित्तीय समावेशन संतृप्ति एवं जागरूकता अभियान का आयोजन

मेरठ 6 अगस्त, 2025: वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा ग्राम पंचायत (जीपी) और शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में वित्तीय समावेशन (एफआई) योजनाओं के संतृप्ति हेतु 1 जुलाई,2025 से 30 सितंबर,2025 तक तीन महीने की अवधि के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है. इस अभियान के प्रमुख लक्ष्यों में पीएमजेडीवाई के तहत बैंकिंग सेवाओं से वंचित वयस्कों के लिए बैंक खाते खोलना; पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई के तहत नामांकन बढ़ाना; डिजिटल धोखाधड़ी की रोकथाम पर जागरूकता सत्र, आदि शामिल हैं.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश राज्य के मेरठ जिले के अमेहरा आदिपुर ग्राम पंचायत में एक वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का आयोजन किया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री एस. रामसुब्रमणियन द्वारा मेरठ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया. इस कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख सुश्री अर्चना शुक्ला भी उपस्थिति रहीं. इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्राहकों द्वारा भाग लिया गया.



कार्यक्रम के दौरान, श्री एस. रामसुब्रमणियन द्वारा मेगा जन सुरक्षा संतृप्ति अभियान के महत्व और उद्देश्यों पर जोर दिया गया. उन्होंने साइबर धोखाधड़ी जागरूकता और प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं पर बहुमूल्य जानकारी भी साझा की.

सुश्री अर्चना शुक्ला द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सशक्तिकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला गया और व्यापक जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया गया. विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए.

# प्रयागराज एसटीएफ खुफिया इनपुट पर मुठभेड़ में झारखंड के शातिर आरोपी को दबोचा, एके-47 और पिस्टल बरामद

(जीएनएस)।

प्रयागराज जनपद के शंकरगढ़ इलाके में बुधवार देर रात यूपी STF और झारखंड से आए एक वांछित आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हो गया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जारहा है कि STF को सूचना मिली थी कि झारखंड का एक वांछित अपराधी प्रयागराज की ओर आ रहा है। टीम ने शिवराजपुर चौराहे के पास उसे रोकने की कोशिश की। उसी दौरान आरोपी ने AK-47 और पिस्टल से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गोली लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसे मौके से पकड़कर पास के अस्पताल ले जाया गया। रळ्क्र के टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।




आरोपी पर पहले से कई मामले दर्ज

गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह के रूप में हुई है जो झारखंड के धनबाद का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, वह कई मामलों में फरार चल रहा था और उस पर इनाम भी घोषित था। कुछ समय पहले झारखंड पुलिस ने उसके घर पर नोटिस भी चिपकाया था। STF को शक है कि वह प्रयागराज में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से आया था। मामले की जांच की जा रही है।

मौके से हथियार बरामद

इस बारे में पुलिस द्वारा जारी सूचना में बताया गया कि मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एक अङ-47 राइफल, एक पिस्टल, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। इन चीजों को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा पुलिस टीम द्वारा यह भी पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि बदमाश प्रयागराज क्यों आया था और प्रयागराज में किन लोगों ने उसे शरण दिया था या फिर वह किसके संपर्क में था।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने की घेराबंदी

इस बारे में पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी की गई थी। बदमाश द्वारा गोली चलाने के बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम द्वारा गोली चलाई गई, जिसमें वह घायल हो गया।

# अमीनाबाद में आवारा पशुओं के लिए टिन शेड तक नहीं, योजना फाइलों में सिमटी

(जीएनएस)।

बिजनौर। स्योहारा थानाक्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद में "आवारा पशु सहायता योजना" के प्रभावी क्रियान्वयन की कमी से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। वर्षों बीत जाने के बावजूद सरकार द्वारा घोषित सहायता योजनाओं का लाभ इन्हें पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने योजना के तहत सैकड़ों आवारा पशुओं को गोद लिया हुआ है, लेकिन आज भी वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

ग्राम निवासी प्रशांत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में लगभग 300 आवारा पशु 65 ग्रामीणों द्वारा गोद लिए गए हैं। सरकार की योजना के तहत इन पशुओं के चारे हेतु प्रति पशु ₹50 प्रतिदिन दिए जाने का प्रावधान है, परंतु यह राशि 5-6 महीने की देरी से मिलती है। इससे ग्रामीणों को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है।

टिन शेड और पानी की व्यवस्था अधर में

योजना के अनुसार पशुओं को रखने के लिए टिन शेड और पानी की समुचित व्यवस्था की जानी थी, लेकिन वर्षों बाद भी ग्राम अमीनाबाद में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।





बरसात, सर्दी और गर्मी झ तीनों ही मौसम में ये पशु खुले में रह रहे हैं, जिससे न केवल पशुओं का जीवन संकट में है बल्कि गांव में बीमारियों और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

शिकायतों का कोई असर नहीं

ग्रामीणों सुरेंद्र सिंह, सोनू सहित कई लोगों ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री पोर्टल और पत्राचार के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो सकी है।

प्रधान का रवैया धमकी भरा

ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे ग्राम प्रधान से इस विषय पर बातचीत करते हैं, तो वह उन्हें रउ/रळ एक्ट में फंसाने की धमकी देता है। इससे गांव में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है।

फोन नहीं उठाते जिम्मेदार

इस समस्या पर ग्राम प्रधान और सचिव से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों ने फोन उठाना भी उचित नहीं समझा।

ग्रामीणों की मांग है कि प्रत्येक पशु के लिए टिन शेड और पानी की व्यवस्था की जाए। चारा भत्ता समय पर प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान के धमकीपूर्ण रवैये की जांच हो।

ग्रामीण गोविंद सिंह, सत्यवीर, मीनू, जोगिंदर, अर्जुन, बुद्धू सिंह, जय सिंह, सोमपाल सिंह, प्रशांत गुर्जर, ओमवीर सिंह, सुरेश सिंह, पप्पू, निर्मला देवी, कृपा देवी सिंह, बब्बू सिंह, वेद प्रकाश सिंह, खेम सिंह, महिपाल सिंह, यशपाल सिंह, नरेश देवी, रेणु कुमार, ओकेश देवी, ममता, खेम सिंह समेत अनेक ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर स्थायी समाधान की मांग की है।

# सीएम योगी की वजह से अध्यक्ष के नाम के ऐलान में हो रही देरी? लखनऊ में फंसा है मामला

(जीएनएस)।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम के ऐलान में लगातार देरी हो रही है। अब बीजेपी का पूरा फोकस पहले नए उपराष्ट्रपति के चयन पर है। पार्टी सूत्रों के हवाले से मीडिया में दावा किया जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान होने में हो रही देरी की वजह दिल्ली नहीं बल्कि लखनऊ है। दरअसल बीजेपी के संविधान के मुताबिक, कम से कम 22 राज्यों और संघ-शासित प्रदेशों में संगठनात्मक चुनाव के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है।

बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) दोनों ही उत्तर प्रदेश को लेकर बेहद गंभीर हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी को हिंदी पट्टी के सबसे बड़े प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। अब यूपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में संघ ने कुछ कसौटियां तय की हैं। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान होगा। बताया जा रहा है कि संघ की खास ताकीद है कि यूपी का नया प्रदेश अध्यक्ष संगठन चलाने में माहिर होना चाहिए। साथ ही, सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ पूरे तालमेल के साथ काम कर सके।

संघ से जुड़े सूत्रों का कहना है कि गुणों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। क्षेत्रीय और जातीय समीकरण यहां अहम नहीं है। इसके लिए किसी ऐसे नाम का चयन होगा, जो पार्टी के अंदर के हर तरह के असंतोष और



बीजेपी और आरएसएस दोनों ही उत्तर प्रदेश में पार्टी और संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करना चाहते हैं। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। आरएसएस का मानना है कि यूपी का प्रदेश अध्यक्ष संगठन क्षमता और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के गुटबाजी को खत्म करे और सीएम योगी के साथ बेहतर तालमेल बनाकर चले।

उत्तर प्रदेश के अलावा, गुजरात में भी नए प्रदेश अध्यक्ष का चयन किया जाना है। गुजरात में बीजेपी के सामने कांग्रेस के अलावा तेजी से बढ़ती आम आदमी पार्टी की भी चुनौती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐलान से पहले इन दो प्रमुख राज्यों के संगठनात्मक चुनावों को बिना किसी विरोध और हंगामे के संपन्न कराना बीजेपी और संघ की प्राथमिकता है।

उत्तर प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात भी की है। इसके अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ भी उनकी लंबी चर्चा है। लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी दलों खास तौर पर अखिलेश यादव और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि सीएम योगी को हटाया जाएगा।

हालांकि, बीजेपी हाईकमान ने हमेशा ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है। चुनाव के एक साल बीतने के बाद अब यह स्पष्ट हो चुका है कि सीएम योगी की कुर्सी पर कोई खतरा नहीं है। मौजूदा घटनाक्रम तो यही दिखा रहे हैं कि पार्टी और आरएसएस दोनों ही योगी आदित्यनाथ की पसंद को ध्यान में रखते हुए नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव करना चाहते हैं।

# डब्ल्यूएचओ-आईआरसीएच अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला पीसीआईएमएंडएच, गाजियाबाद में शुरू हुई

(जीएनएस)।

आयुष मंत्रालय के भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी फामाकीपिया आयोग (पीसीआईएमएंडएच) ने आज गाजियाबाद स्थित अपने मुख्यालय में "हर्बल औषधियों की संरक्षा एवं विनियमन" (कार्य समूह-1) और "हर्बल औषधियों की प्रभावकारिता एवं इच्छित उपयोग" (कार्य समूह-3) पर विश्व स्वास्थ्य संगठन-आईआरसीएच कार्यशालाओं के उद्घाटन सत्र की मेजबानी की। इस तीन दिवसीय वैश्विक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों और पर्यवेक्षक देशों के विशेषज्ञों



को एक साथ लाकर इन कार्यशालाओं का उद्देश्य नियामक अभिसरण, गुणवत्ता आश्वासन और स्वास्थ्य देखभाल की पारंपरिक प्रणालियों में हर्बल दवाओं की नैदानिक प्रासंगिकता जैसे प्रमुख पहलुओं पर विचार-विमर्श करना है।

इस अवसर पर आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने आयुष प्रणालियों के वैज्ञानिक सत्यापन और वैश्विक स्वीकृति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि "कार्य समूह 1 और कार्य समूह 3 के लिए अग्रणी देश के रूप में भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन-आईआरसीएच मंच के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय नियामक सहयोग बढ़ाने में गहराई से संलग्न है।

डब्ल्यूएचओ-आईआरसीएच की अध्यक्ष और डब्ल्यूएचओ में पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा के प्रमुख डॉ. किम सुंगचोल ने हर्बल चिकित्सा में सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता मानकों को मजबूत करने में वैश्विक समन्वय के महत्व पर जोर दिया।